भारत-इटली प्रवासन और आवाजाही समझौता

प्रलिम्स के लिये:

भारत-इटली प्रवासन और आवाजाही समझौता, यूरोपीय संघ, इटली की भौगोलिक अवस्थिति, भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा, वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन, ब्लू-रमन परियोजना

मेन्स के लिये:

भारत और इटली के बीच सहयोग के क्षेत्र

स्रोत: पी.आई.बी.

चर्चा में क्यों?

हाल ही में **केंद्रीय मंत्रिमंडल** ने भारत और इटली के बीच **प्रवासन एवं आवाजाही समझौते** को **पूर्वव्यापी मंज़ूरी** दे दी।

भारत और इटली के बीच प्रवासन तथा आवाजाही समझौता क्या है?

- **परिचय:**
  - यह समझौता भारत और इटली के बीच लोगों के संबंधों को प्रगाढ़ करते हुए अनियमित प्रवासन **से संबंधित मुद्दों पर सहयोग** को मज़बूत करने के लिये तैयार है।
  - यह **छात्रों, कुशल श्रमिकों, व्यावसायियों** और **युवा पेशेवरों** सहित विभिन्न वर्गों के लिये आवाजाही की सुविधा प्रदान करता है, उनके बीच विनिमय तथा सहयोग को बढ़ावा देता है।
- **प्रमुख प्रावधान:**
  - भारतीय छात्रों के लिये अस्थायी निवास: इटली में शैक्षणिक/व्यावसायिक प्रशिक्षण पूरा करने के बाद प्रारंभिक पेशेवर अनुभव हासिल करने के इच्छुक भारतीय विद्यार्थियों को 12 महीने तक के लिये अस्थायी निवास की अनुमति दी जा सकती है।
  - श्रमिकों के लिये आरक्षित कोटा: समझौता गैर-मौसमी और मौसमी भारतीय श्रमिकों के लिये कोटा की रूपरेखा तैयार करता है, जिसमें मौजूदा फ्लो डिक्री के तहत वर्ष 2023-2025 में आरक्षित कोटा सीमा शामिल है।
    - इतालवी सरकार की वार्षिक **"फ्लो डिक्री" (डिक्रेटो फ्लुसी)** गैर यूरोपीय संघ के नागरिकों की अधिकतम संख्या निर्धारित करती है जो काम और स्व-रोज़गार के लिये इटली में प्रवेश कर सकते हैं।
- **क्रियान्वयन:**
  - समझौता समाप्त होने तक स्वचालित नवीनीकरण के साथ **5 वर्षों** तक लागू रहेगा।
  - इसके कार्यान्वयन की देखरेख एक **संयुक्त कार्य समूह (JWG)** द्वारा की जाएगी, जो प्रगति का आकलन करने और कुशल निष्पादन के लिये सहायक उपाय सुझाने के लिये नियमित आधार पर बैठक करेगा।

इटली के संदर्भ में महत्त्वपूर्ण तथ्य:

- **परिचय:**
  - इटली **जूते के आकार (boot-shaped)** का प्रायद्वीप है जो दक्षिणी यूरोप से **एड्रियाटिक सागर, टेरहेनियन सागर, भूमध्य सागर** से घिरा हुआ है।
- **सीमावर्ती देश:**
  - इसकी **ऑस्ट्रिया, फ्राँन्स, होली सी (वेटिकन सिटी), सैन मैरिनो, स्लोवेनिया और स्विट्ज़रलैंड** के साथ अंतर्राष्ट्रीय सीमाएँ हैं।
  - यह **अल्बानिया, अल्जीरिया, क्रोएशिया, ग्रीस, लीबिया, माल्टा, मोंटेनेग्रो, स्पेन और ट्यूनीशिया** के साथ समुद्री सीमाएँ भी साझा करता है।
- **सरकार का स्वरूप:** गणतंत्र

- **राजधानी:** रोम
- **मुद्रा:** यूरो
- **प्रमुख पर्वत:** आल्प्स, एपेनाइन
- **प्रमुख नदियाँ:** पो, अदिगे, अर्नो, टाईबर

//

भारत और इटली के बीच सहयोग के अन्य क्षेत्र कौन से हैं?

- **ऐतिहासिक संबंध:**
    - इतालवी पत्तन शहरों ने व्यापारिक केंद्रों के रूप में मसाला व्यापार में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।
    - तेरहवीं शताब्दी में **वेनिस के व्यापारी मार्को पोलो ने** अपनी पूर्वी यात्राओं के हिस्से के रूप में भारत का दौरा किया और अपने अनुभवों पर एक रिपोर्ट तैयार की।
- **राजनीतिक:**
    - भारत और इटली के बीच राजनीतिक संबंध **वर्ष 1947** में स्थापित हुए।
    - **मार्च 2023** में भारत तथा इटली ने अपने संबंधों को **सामरिक साझेदारी** तक बढ़ाया।
- **आर्थिक:**
    - **वर्ष 2022-23 में** दोनों देशों के बीच **14.25 बिलियन अमेरिकी डॉलर** का द्विपक्षीय व्यापार किया गया।
        - इटली **यूरोपीय संघ** में भारत के **शीर्ष 5 व्यापारिक साझेदारों** में से एक है।
    - इटली को भारतीय निर्यात की मुख्य वस्तुएँ **तैयार वस्त्र, चमड़ा, लौह अयस्क, मोटर वाहन, कपड़ा, रसायन, रत्न एवं आभूषण** हैं।
        - इटली से आयात की मुख्य वस्तुएँ सामान्य और **विशिष्ट प्रयोजन यांत्रिकी, यंत्र उपकरण, धातुकर्म उत्पाद तथा अभियांत्रिकी संबंधी वस्तुएँ** हैं।
- **सुरक्षा:**
    - **भारत-इटली सैन्य सहयोग समूह (India-Italy Military Cooperation Group- MCG)** दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को बढ़ावा देने के लिये स्थापित एक मंच के रूप में कार्य करता है।
- **भारत और इटली से संबंधित अन्य पहलें:**
    - भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा
    - वैश्विक जैव-ईंधन गठबंधन
    - ब्लू-रमन परियोजना

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-italy-migration-and-mobility-agreement